# उद्यमियों ने सीएम को बताईं समस्याएं, समाधान का आश्वासन

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष दीपक कारीवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को गोरखनाथ मन्दिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक विकास एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने सभी बातों को ध्यान से सुना एवं जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि गीडा में कम्प्लीशन सर्टिफिकेट के बिना उद्योग को उत्पादनरत नहीं माना जाता है। इसके बाद विस्तारीकरण शुल्क मांगा जाता है। बताया कि गीडा के जमीन के आवंटन तिथि से 2 साल में उद्योग को उत्पादन प्रारम्भ करना होता है। इसे तीन साल किए जाने की जरूरत है। प्रतिनिधिमंडल में महेश कुमार रूंगटा, सुधांशु टिबरेवाल और आशीष खेतान शामिल थे।



गोरखनाथ मंदिर में लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से मुलाकात की।

## योगी से मिले कसौधन वैश्य कल्याण समिति के पदाधिकारी

गोरखपुर। कसौधन वैश्य कल्याण समिति पंचायती मंदिर शेषपुर के नवगठित पदाधिकारियों ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर स्थित आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों का मुख्यमंत्री ने परिचय लिया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समिति के महामंत्री गौरव गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के कुलपति बनाए गए प्रो. रवि शंकर सिंह ने सीएम योगी से मुलाकात की।



मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मिर्जापुर की कुलपति बनाई गई प्रो. शोभा गौड़ ने भी सीएम योगी से मुलाकात की।

## मुख्यमंत्री से संवर्ग के दायित्वों के निर्धारण की मांग की

गोरखपुर। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता पटेल की अगुआई में एक प्रतिनिधि मंडल ने सीएम योगी आदित्यनाथ से गोरखनाथ मंदिर में मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने सीएम को बताया कि स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी लोक सेवा आयोग से चयनित समूह ख राजपत्रित अधिकारी हैं। संवर्ग के दायित्वों का निर्धारण किया जाए। इस दौरान मनोरंजन सिंह, अंजनी सिंह एवं कमलेश्वर सिंह उपस्थित रहे।